तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार, 28 जून 2025

सहकारी समितियों में डीएपी खाद की किल्लत... 4



एक साल से पुल टूटा, आने जाने में हो रही परेशानी 4





## खबर संक्षेप

### कराठी स्कूल में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का किया गया स्वागत



**भानुप्रतापपुर।** प्राथमिक शाला कराठी में शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि की आसंदी से सरपंच चैतीबाई रावटे ने बच्चों को स्वागत करते हुए कहा अच्छे से पढ़ाई करें, स्कूल और गांव का नाम रोशन करें। उप सरपंच बाबा ठाकुर ने कहा अभिभावक बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलवा कर अपने कर्त्तव्य से दूर न रहे। घर मे भी उन्हें पढ़ाए और ध्यान दे। प्रधान अध्यापिका फूलबाई सिन्हा ने कहा ने अभिभावकों से कहा बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजे। इस मौके पर अनिता रावटे, गायत्री टेकाम, हेमलता मंडावी, नीरा तुलावी, शिक्षिका पुष्पा सिंह, नीलम नायक आदि उपस्थित थे।

### तुड़गे विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



**भानुप्रतापपुर।** शाउमा विद्यालय तुड़गे में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ व तिलक के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पठन सामग्री एवं गणवेश वितरित किया गया। कार्यक्रम में जगजीत नागेश, एनएस नरवास, कैलाश कोठारी, आरके द्विवेदी, अविनाश सिंह, जेआर गांवर, जीवन नेताम, दशोन्तीन कल्लो, पुनीता कल्लो, मानक दास गौतम, समस्त शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### एएसपी संदीप को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर दी गई विदाई



**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा एएसपी आईपीएस संदीप पटेल को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई देते हुए नवीन स्थान नारायणपुर में पदस्थापना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल ने कहा मैं भानुप्रतापपुर से बहुत कुछ सीख कर जा रहा हूं। यहाँ के लोगों का साथ और समन्वय बहुत बेहतर रहा है। यहां की जनता सरल जीवन जीता है, इसलिए बहुत जल्द शांत हो जाते है। इस अवसर भाजपा के प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, रत्नेश सिंह, राजीव श्रीवास्, गिरधारी नरेटी, अरविंद जैन, ज्वाला जैन, मुकेश कौड़ों एवं अन्य कार्यकर्ता और पुलिस के कर्मचारी बंधु उपस्थित रहे।

## लापरवाही : आयुष पालीक्लीनिक में आधे से अधिक पद खाली, हालत गंभीर

# आयुष पॉलीक्लिनिक में समय पर नहीं पहुंचते चिकित्सक, मनमर्जी का चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जिला आयुर्वेद अधिकारी में नहीं दिखी गंभीरता, नहीं दिया जवाब
- समय पर नहीं आने वाले चिकित्सों पर कार्यवाही का रहेगा इंतजार

आयुष पालीक्लीनिक में भू तल पर चिकित्सक ईलाज करते है, वहीं प्रथम तल में आयुर्वेद कार्यालय संचालित होता है। मतलब इस विभाग के जिलास्तर के अधिकारी यहीं बैठते है, इसके बावजूद पालीक्लीनिक में कार्य करने वाले चिकित्सक सुबह 9 बजे तक नहीं पहुँचे थे, जबकि आने का समय सुबह 8 बजे से है। आयुष पालीक्लीनिक आने वाले लोगों की मानें तो यहाँ सब मनमर्जी का खेल चलते रहता है। आयुष पॉलीक्लीनिक में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमृता सिंह, यूनानी चिकित्सक डॉ. ज्योति बाला सहारे और डॉ. तेजकांत सोनकर की शुक्रवार 27 जून की ड्यूटी थी, परंतु तीनों चिकित्सक साढ़े 9 बजे तक नहीं पहुँचे थे। इनके पहुँचने का समय यानी आयुष पॉलीक्लीनिक के प्रारंभ होने का समय सुबह 8 बजे है। आयुष पॉलीक्लीनिक में उपस्थित स्टाप ने बताया कि अभी तक एक भी चिकित्सक नहीं पहुँचे है, केवल जमीनी स्टाफ पहुँचा है। यूनानी चिकित्सक से हरिभूमि ने काल करके जानना चाहा, तो उन्होने बताया कि सामान्यतया 9 बजे पहुँच जाते हैं, शुक्रवार को लेट हो गए थे। आठ बजे साफ सफाई होता ▶▶| शेष पेज 2 पर







### 22 में केवल 7 स्टाफ ही कार्यरत

आयुष पालीक्लीनिक में 22 का स्टाप है जिसमें केवल 7 स्टाफ ही कार्यरत हैं। जिसमें एक स्टाफ नर्स है, जो अध्ययन के लिए उच्च केंद्र गई हुई है, इसके अलावा अन्य सभी पद खाली पड़े हुए हैं। जिलास्तर के आयुष पॉलीक्लीनिक का निरीक्षण करने के लिए प्रदेश स्तर के अधिकारी कई बार निरीक्षण कर चुके है, परंतु किसी भी अधिकारी ने आयुष पॉलीक्लीनिक के खाली पदों को भरने के लिए किसी भी तरह का प्रयास नहीं किया। इसके चलते आयुष पॉलीक्लीनिक का जो लाभ आम जनता को मिलना चाहिए, वो लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्टाप नहीं होने के कारण आयुष पालीक्लीनिक का आधा भवन खाली पड़ा हुआ है, कोई उपयोग में नहीं हो रहा है।

### मंत्री ने नहीं लिया जायजा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आयुर्वेद और योगा की ओर देश की जनता को प्रोत्साहित कर रहे है। परंतु प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कांकेर जिले में दो बार प्रवास कर चुके है, परंतु एक बार भी आयुष पॉलीक्लीनिक और आयुष विंग का निरीक्षण नहीं किया है। यहीं से अंदाज लगाया जा सकता है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री आयुर्वेद विभाग को लेकर कितने गंभीर है, यहीं से समझा जा सकता है।


### व्यवस्था भगवान भरोसे

आयुष पॉलीक्लीनिक के प्रथम तल में जिला आयुर्वेद कार्यालय संचालित है। जिला आयुर्वेद अधिकारी की जिम्मेदारी बनती है कि यह सही ढंग से संचालित हो। परंतु प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी की लापरवाही के चलते ही आयुष पॉलीक्लीनिक में पदस्थ चिकित्सक समय पर नहीं आते है। जिला आयुर्वेद अधिकारी के कार्यालय के नीचे की स्थिति ऐसी है, तो फील्ड के चिकित्सकों का हाल भगवान भरोसे होगा।

### प्रभारी के भरोसे चल रहा आयुर्वेद विभाग

आयुर्वेद विभाग प्रभारी के भरोसे लंबे समय से चल रहा है। प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. ललिता शर्मा से इस विषय पर जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। पहली बार कॉल रिसीव किया, किसी पुरूष ने रिसीव किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी से बात करना है तो उन्होंने बात करते हुए कहा कि अभी गाड़ी में हूँ, आपकी आवाज नहीं आ रही है। दूसरी बार काल किया, घंटी बजती रही, परंतु रिसीव नहीं किया गया।

## कराकी के उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की स्थिति जर्जर



- कभी भी घट सकती है दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कराकी के अन्तर्गत कराकी का उप स्वास्थ केन्द्र बहुत की जर्जर अवस्था में है, प्लास्टर गिरता रहता है, जिसके चलते स्टाफ सदैव भयभीत रहता है। उपस्वास्थ्य केंद में आने के लिए ग्रामीणों को सदैव डर बना रहता है। ग्राम पंचायत कराकी के सरपंच जवाहर ठाकुर, जनपद सदस्य निर्मला कोवाची, उपसरपंच जगन्नाथ जैन, रजमन कोवाची, पूर्व जनपद सदस्य धनीराम ध्रुव, भुवनेश बोगा , सूरज कोवाची , किशोर कोवाची एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र कराकी का भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में है जो कि कभी भी दुर्घटना घट सकती है। इसके बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है, परंतु विभाग के आला अफसरों ने आज तक ध्यान नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया है कि इस उप स्वास्थ केन्द्र अंतर्गत 07 गाँव आते है, जिनकी आबादी लगभग 5277 है तथा इन गाँवो में स्वास्थ सुविधा क्षेत्र के कर्मचारियो द्वारा देनी होती है। उपस्वास्थ्य केंद्र में जाने के लिए स्टाप भी डरता रहता है। भवन जर्जर स्थिति में होने के कारण बैठना भी मुश्किल हो जाता है एवं मरीजों के साथ कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। इस समस्या को देखते हुए ▶▶| शेष पेज 2 पर

# लापरवाही बरतने वाले अमले को जारी होगी कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- सीईओ ने दिए अधीनस्थों को निर्देश



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने जिले में संचालित योजना का योजनानुसार समय-सारणी एजेण्डावार तैयार करने जनपद पंचायत सीईओ एवं शाखा प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने मनरेगा योजनांतर्गत मानवदिवस सृजन के आवंटित लक्ष्य के विरूद्व सृजित किए गए मानव दिवस एवं अमृतसरोवर निर्माण कार्य की समीक्षा किया तथा आगामी माह में मानव दिवस सृजन में वृद्धि के लिए निर्देशित किया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के परियोजना अधिकारी मनरेगा को अमृत सरोवर के निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराने पर कारण बताओ नोटिस एवं 1 माह का वेतन रोकने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं होने के कारण उपस्थित जनपद सीईओ को कार्य में प्रगति लाने निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अप्रारंभ आवासों का निर्माण बिहान के स्व-सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से हितग्राहियों को प्रेरित करते हुए आवास टोली के माध्यम से कार्य प्रारंभ करने की बात कही। योजनांतर्गत प्रथम किश्त प्राप्त समस्त हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य प्लिंथ स्तर तक पूर्ण करते हुए जियोटेग करने एवं आवास निर्माण कार्य का फील्ड विजिट करने सभी जनपद पंचायत के सीईओ को नर्देशित किया। बैठक में लखपति दीदी अंतर्गत महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए सुदृढ़ कार्ययोजना बनाने और बैंक लिंकेज प्रकरण अधिक से अधिक बैंको में जमा करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जनपद अंतागढ़ में पदस्थ बीपीएम अनिल मिश्रा को आवास योजना अंतर्गत समूह के महिलाओं को आवास टोली में शामिल नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। पंचायत ▶▶| शेष पेज 2 पर

# ट्रक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर, दोनों पक्ष की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





नाथियानवागांव के पास ट्रक और ट्रैक्टर के बीच हुई भिड़त में पुलिस ने दोनों पक्ष की बात सुनते हुए काउंटर केस दर्ज किया। इसके अलावा माकड़ी के पास सवारी वाहन को कार ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में एक व्यक्ति का पैर टूट गया, जिसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के ग्राम सनौद थानांतर्गत ग्राम सतमरा निवासी 76 वर्षीय मुरारी सिन्हा पिता स्व. जगन्नाथ सिन्हा ने पुलिस को बताया कि मेरा लड़का टीकमचंद सिन्हा ग्राम मोखा निवासी सुखचैन साहू के ट्रक को चलाता है। 25 जून को ट्रक क्रमांक सीजी 08 एके 4758 में माल भरकर केशकाल के लिए निकाला था। सुबह करीबन 7 बजे नेशनल हाईवे रोड 30 के नार्थियानवागांव पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था कि सामने की ओर चल रही बिना नम्बर के ट्रैक्टर का चालक अपने वाहन का अचानक ब्रेक को लापरवाही पूर्वक मारने से ट्रक का ट्रैक्टर के पीछे टक्कर हो गया, जिससे ट्रैक्टर में सवार एक लड़की सड़क पर गिर गई। लड़की को बचाने के प्रयास में मेरा बेटा ट्रक क्रमांक सीजी 08 एके 4758 को रोड से नीचे उतार दिया, जिससे ट्रक दुर्घटना गस्त होकर पलट गया। ट्रक के पलटने से मेरे बेटे टीकमचंद को चोट आया है। बिना नम्बर के ट्रैक्टर का चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक अपने वाहन को चलाकर अचानक ब्रेक मारने से ट्रक दुर्घटना ग्रस्त हुआ है, जिससे ट्रक चालक को चोट आने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बिना नम्बर के ट्रैक्टर का चालक के खिलाफ 125 (ए), ▶▶| शेष पेज 2 पर

### सवारी का इंतजार कर रहे चालक को कार ने मारी टक्कर

राजापारा कांकेर निवासी 40 वर्षीय बिरेन्द्र चौहान पिता स्व. श्याम सिंह चौहान ने पुलिस को बताया कि मेरा बड़ा भाई 44 वर्षीय तेजप्रताप चौहान ड्रायवरी का काम करता है। मेरा भाई तेज प्रताप 23 जून को टाटा मैजिक वाहन लेकर माकड़ी गया था। माकड़ी चौक में वाहन को रोड किनारे खड़ा कर स्वंय रोड किनारे खड़ा होकर सवारी देख रहा था। सुबह करीबन साढ़े 10 बजें आरोपी कार क्रमांक सीजी 19 बीजे 6324 का चालक अपने वाहन को तेज लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे बड़े भाई तेज प्रताप को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे बड़े भाई तेज प्रताप चौहान के पैर का हड्डी टूट गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन कार क्रमांक सीजी 19 बीजे 6324 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 125 (बी), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## ठेकेदार का रास्ता रोकर दो युवक ने की मारपीट



**कांकेर।** अलबेलापारा जाने वाले मार्ग पर स्थित जिला पशु चिकित्सालय के पास दो युवक ने मिलकर एक ठेकेदार के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट किया। युवकों के मारपीट से ठेकेदार को काफी चोट आई है। जिसकी शिकायत थाना में किया। शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे सिंगारभाट कांकेर निवासी 50 वर्षीय जय प्रकाश तिवारी पिता रामराज तिवारी ने पुलिस को बताया कि ठेकेदारी का काम करता हूं। 26 जून को काम के सिलसिले से ग्राम अर्जुनी की ओर गया था, जहां से ग्राम भीरावाही होते हुए वापिस अपने घर जा रहा था। तभी दोपहर ढाई बजे जिला पशु चिकित्सालय अलबेलापारा के पास आरोपी राहुल उईके और उसका साथी गौरव मिला, जो मुझे देखकर पुरानी रंजिश के कारण गाली देने लगे। मुझे रास्ता में रोककर बोलने लगे कि बहुत होशियार बनता है, आज तुझे जान से मार देंगे। बोलकर दोनों एक राय होकर हाथ मुक्का से मारपीट करने गले। दोनों युवकों की मारपीट से मेरी आंख, सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों के मध्य किस बात को लेकर रंजिश बनी हुई है। कांकेर पुलिस ने ठेकेदार की शिकायत पर आरोपी राहुल उईके और गौरव के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

# तेंदूपत्ता से भरी ट्राली के पलटने से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- चालक के खिलाफ मामला दर्ज

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत घोड़ाबत्तर मेन रोड में तेंदूपत्ता से भरे ट्रैक्टर ट्राली को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने से वाहन में सवार लोगों को चोटें आईं थीं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां एक व्यक्ति को गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि छोटेधौंसा के रामधर मातलाम का ट्रैक्टर लाल रंग का जिसका वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजे 3347 में 02 चक्का वाला ट्राली में तेंदूपत्ता बोरा भरकर ग्राम छोटेधौंसा से भानुप्रतापपुर तेंदुपत्ता गोदाम खाली करने के लिए निकले थे। ट्रैक्टर को छोटे धौंसा निवासी पनकूराम नाग चला रहा था।

उसके बाजू में नरेन्द्र कुमार शोरी बैठा था। हरेश कोमरा, संतकुमार शोरी, तुकेश कुमार उर्वशा तीनो ट्रैक्टर के ट्राली मे तेंदूपत्ता बोरा के ऊपर बैठे थे। ग्राम घोड़ाबत्तर मेन रोड़ के पास पंहुचे थे कि ट्रैक्टर का चालक पनकूराम नाग द्वारा ट्रैक्टर को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक लहराते हुए उतावलेपन से चलाने लगा। लहराने से ट्राली मेन रोड मे पलट गया। ट्राली के पलटने से तेदूपत्ता के बोरे में बैठे तीनो अलग-अलग रोड में फेंका गए, जिससे हरेश कोमरा के बांए पैर के जांघ के पास, संतकुमार शोरी के सिर में एवं तुकेश कुमार उर्वशा के सिर, सीना में चोंटे आई। घायलो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान छोटे धौंसा निवासी 37 वर्षीय तुकेश कुमार उर्वशा पिता श्रीराम उर्वशा का मौत हो गया।

आरोपी वाहन चालक पनकू राम नाग के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से मृतक को गंभीर चोट आने से मौत होने पर पुलिस ने धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## प्रभु ने आधे नगर को दिया दर्शन, उसके बाद रथ का पहिया हुआ खराब

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकली, रथ खींचने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दर्शन के लिए खड़े श्रद्धालुओं को रथ के पहिया खराब होने की खबर मिलते ही दर्शन के लिए दौड़ पड़े
- नौ दिनों तक रूकेंगे मौसी के घर, उसके बाद होंगे वापिस





भगवान जगन्नाथ स्वामी के स्वस्थ होते ही मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ लगना शुरू हो गया था। भक्तों को देख भगवान जगन्नाथ स्वस्थ्य होने के बाद शुक्रवार 27 जुलाई को रथ पर सवार होकर बड़े भाई बलदेव व बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकले। शीतलापारा तिराहा के पास रथ का पहिया खराब हो जाने से रथयात्रा उसी स्थल से मोड़ दिया गया। शीतलापारा से पंचमुखी मंदिर तक दर्शन के लिए खड़े श्रद्धालु को खबर मिलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालु दौड़ पड़े। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ स्वामी के स्वस्थ होते ही भगवान की रथ यात्रा निकाली गई। रथयात्रा निकलने के पहले राजपरिवार के सदस्य अपने राज पुरोहितों के साथ मंदिर पहुंचें। सबसे पहले रथ की पूजा करने के उपरांत मंदिर में प्रवेश कर भगवान जगन्नाथ स्वामी की पूजा अर्चना किया। आरती करने के बाद भगवान को रथ में लाने के लिए जमीन पर चौका बनाकर टाट पट्टी बिछाई गई। राजपुरोहितों व मंदिर पुजारियों द्वारा पहले गंगाजल से आचमन करते आगे बढ़ें, जिसके पीछे प्रभु को लेकर रथ में पहुचे। पुजारियों द्वारा रथ की पांच परिक्रमा लगाकर रथ में चढ़ें। पूजा के बाद आरती कर रथ को आगे बढ़ाया गया। रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। रथ शहर के पुराने पुलिस लाईन, चौक मंदिर के पास, गांधी चौक से होते हुए दूध नदी पुल पर पहुँचा, तभी झमाझम 15 मिनट के लिए बारिश हुई। बारिश भी श्रद्धालुओं के उत्साह को नहीं रोक पाएं। रथ पुराना बस स्टैण्ड पीपल झाड़ के पास, हनुमान चौक, मांझापारा सिंध धर्मशाला के आगे शीतलापारा तिराहा तक पहुँचा, वहीं पर रथ का पहिया खराब हो जाने के कारण रथ को वापिस मोड़ देने का निर्णय समिति के पदाधिकारियों ▶▶| शेष पेज 2 पर

**खबर संक्षेप**

## 4 प्रकरणों में 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम पलारी निवासी बुधराम मरकाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी राजकुमारी मरकाम को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम जामपदर निवासी रोहित की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता मंगलदई सोरी, पिता कमलुराम सोरी को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम चलका निवासी सखाराम कोर्राम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी जयमनी कोर्राम को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कोण्डागांव तहसील ग्राम बयानार सोनधर नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी रनोती नेताम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है।

## जिले में 13 पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर

**फरसगांव।** पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने शुक्रवार दोपहर 12 बजे प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत 13 पुलिस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस फेरबदल के तहत निरीक्षक सौरभ उपाध्याय को सिटी कोतवाली से स्थानांतरित कर थाना बड़ेडोंगर का प्रभारी बनाया गया है। उनकी जगह टामेश्वर चौहान, जो

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने कटिबद्ध है सरकार : देव

# भारत आधुनिक शिक्षा का विश्व में नया केन्द्र बन गया : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि हमारा देश सनातन काल से विश्वगुरु रहा है जब हमारे ऋषि-मुनि ज्ञान का अलख समूचे दुनिया में जगा रहे थे। देश में नालन्दा और तक्षशिला जैसे शिक्षा के प्रसिद्ध केन्द्र रहे हैं जहां पूरे विश्व से लोग शिक्षा ग्रहण करने आते थे। वर्तमान में भी भारत आधुनिक शिक्षा का नया केन्द्र बन गया है और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में जरूरत है कि हम सभी अपने भावी पीढ़ी को शिक्षा प्रदान करने के लिए समन्वित होकर सजग दायित्व निभाएं। कश्यप शुक्रवार को जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत माड़पाल में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कटिबद्ध है और सभी को शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया है, जिससे हर वर्ग के बच्चों को शिक्षा सुलभ कराया जा सके। उन्होंने बस्तर अंचल के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने हेतु समर्पित होकर दायित्व निर्वहन किए जाने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि बस्तर में प्रतिभाओं की कमी



नहीं है बल्कि उन्हें उचित अवसर देकर संवारने की जरूरत है।

इस मौके पर विधायक किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये कटिबद्ध है। इस दिशा में स्कूलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित शिक्षक की पदस्थापना कर पढ़ाई के लिये सभी सुविधाएं मुहैया करवा रही है। इसे ध्यान रखते हुए हम सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने या सरकारी नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व, सोच और समाज में योगदान देने की क्षमता को भी निखारती है। अतएव सभी बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहना चाहिए।

इस दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदलाम नाग ने शिक्षा के उजियारा को चंहुओर पहुंचाने के लिए सभी लोगों से सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया। इस मौके पर अतिथियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर श्री हरिस एस एवं सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर तथा मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया और उन्हें स्कूल बस्ता-गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान किया। साथ ही स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया। वहीं न्यौता भोज में स्कूली बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया, इसके साथ ही स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के शाला प्रबंधन समितियों के पदाधिकारियों सहित जिले में पदस्थ बीईओ-बीआरसी, प्राचार्य और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों के साथ ही बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में डीएमसी अखिलेश मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

**अंदरूनी इलाकों तक दी जा रही शिक्षा :** जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने स्वागत शाला अप्रवेशी तथा शाला त्यागी बच्चों का स्कूलों में दाखिला संबंधी कार्ययोजना और शैक्षणिक व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि हमारे जिले के विद्यार्थियों ने गत शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इस सत्र में भी सभी के सहयोग से अंदरूनी ईलाके तक के बच्चों तक शिक्षा सुविधाओं को सुलभ करवाने के लिए सकारात्मक पहल करने सहित बोर्ड परीक्षाओं में आशातीत सफलता हासिल करने का प्रयास किया जाएगा।

# गौमांस के लिए गाय की हत्या, 6 आरोपी गिरफ्तार



**फरसगांव।** जिले के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र में गौमांस खाने के इरादे से एक गाय की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तोरन्ड निवासी प्रार्थी नारायण माली ने बड़ेडोंगर थाने में एक लिखित आवेदन देकर बताया कि नीलगिरी प्लांटेशन में गांव के श्यामलाल नेताम और अन्य लोगों द्वारा एक गाय को मारकर खाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में बड़ेडोंगर थाने की एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने ग्राम तोरन्ड में छापा मारा और मौके से ही माखन लाल नेताम, तुलसीराम सलाम नेताम, निबुलाल नेताम, श्याम लाल नेताम, मनहेर नेताम और सुनहेर नेताम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक टंगिया और लोहे का कटारी जब्त किया गया है, जिनका उपयोग गाय को मारने में किया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बड़ेडोंगर थाना में अपराध क्रमांक 06/2025 धारा- 325 भादवि, छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण संशोधन अधिनियम 2011 की धारा 4, 6, 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

■ टंगिया और लोहे की कटारी की गई बरामद

**कार्रवाई में इनका रहा योगदान :** पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी विनोद नेताम, सउनि शिवप्रसाद लकड़ा, प्र.आर. 271 महाराणा प्रताप भूआर्य, आर. 362 मन्नू लाल नवरंग, आर. 412 सुकमन नेताम, आर. 632 यशवंत मरकाम, और आर. 317 शिवन्ती नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शुल्क में संशोधन, शिक्षक- विद्यार्थियों का सम्मान करने लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की द्वितीय बैठक बुधवार को आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने किया। बैठक में महाविद्यालय के विकास और जनहित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

■ महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय में

आयोजित बैठक में सर्वप्रथम जनभागीदारी मद अंतर्गत लिए जाने वाले शुल्क पर समीक्षा की गई, जिसमें इसी शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए शुल्क में आवश्यक संशोधन पर चर्चा की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय के उन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। यह सम्मान समारोह सत्र 2025-26 में आयोजित किया जाएगा, जिससे अन्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी प्रेरणा मिले। बैठक में जनभागीदारी मद पर नियुक्त कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि का भी प्रस्ताव रखा गया, जिसे समिति ने स्वीकृति प्रदान किया एवं महाविद्यालय से संबंधित समस्याओं पर भी गंभीर चर्चा हुई, जिसमें कॉलेज परिसर में लगे जर्जर लोहे के दरवाजे को बदलने, नए भवन की आवश्यकता और प्रस्ताव भेजने तथा महाविद्यालय की शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की दिशा में प्रशासनिक पहल करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में सांसद एवं उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा एवं संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, जनभागीदारी मद पर आवश्यकता अनुसार शिक्षकीय और गैर-शिक्षकीय पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्णय लिया गया ताकि विद्यार्थियों को सुचारू शिक्षण व्यवस्था मिल सके। महाविद्यालय के समुचित विकास के लिए मिलजुलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक के अंत में प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि महाविद्यालय को शैक्षणिक, भौतिक और नैतिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ बनाने के लिए जनभागीदारी ही सबसे सशक्त माध्यम है।वार्षिक आय-व्यय विवरण भी बैठक में प्रस्तुत किया गया, जिसे समिति ने विस्तारपूर्वक देखा और अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक में समिति के सदस्य दिव्येश राजा पांडेय, हितेश तिवारी, राजीव लोचन ठाकुर, सतीश श्रीवास्तव, योगेश सोनवानी, कमल किशोर प्रधान, रितेश कुमार नाग, अश्वनी प्रधान उपस्थित रहे।

## नपं अध्यक्ष ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

**फरसगांव।** नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मणि कंचन केंद्र फ़रसगांव में स्वच्छता दीदियों के साथ पौधारोपण किया। इस मौके नपं अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कहा कि पौधारोपण का उद्देश्य ना केवल जन्मदिन को यादगार बनाना था, बल्कि प्रकृति के प्रति दायित्व का निर्वहन भी था। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल एक उत्सव थी, बल्कि एक जागरूक प्रयास भी है, जो आने वाली पीढ़ियों को हरा-भरा और सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में प्रेरणादायक कदम कहा जा सकता है। जन्मदिन पर एक पौधा लगाना हमारे समाज और पर्यावरण दोनों के लिए एक सकारात्मक संदेश है। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद नरेंद्र गौर, पूर्व उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल एवं कर्मचारी गण एवं उपस्थित रहे।



# विकासखंड स्तरीय शिक्षकों का धरना प्रदर्शन एक जुलाई को

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया और अन्य मांगों को लेकर 1 जुलाई को प्रदेश के 146 विकास खंडों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, रैली और ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस विकास खंड स्तरीय धरना प्रदर्शन में सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं सहित समस्त प्रकार के प्रशासनिक अधिकारी–कर्मचारियों जैसे जिला परियोजना अधिकारी, समन्वयक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रेत समन्वयक, प्रभारी प्राचार्य की भी शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सभी विकास खंडों में बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की गई है।



जिला कोण्डागांव शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक ऋषिदेव सिंह, कौशल कुमार नेताम, शंकर नेताम, रमेश चंद्र सोनवंशी और पवन साहू के निर्देशानुसार जिले के विकास खंड कोण्डागांव, केशकाल एवं बड़ेराजपुर में बैठक आयोजित कर संकुल समन्वयक के समन्वय से व्यापक रणनीति तैयार की गई। कोंडागांव विकासखंड में शिवराज ठाकुर, यशवंत देवांगन, पवन साहू, ऋषिदेव सिंह, नरेश ठाकुर, मन्नाराम नेताम, मदन राठौर, सुकमन नेताम, राजूराम दीवान, लिखेश्वर पाण्डेय, मनोज ठाकुर, कपूरचंद देवांगन के नेतृत्व में बैठकें आयोजित हुईं। बड़ेराजपुर में डूमनलाल मरकाम, सुभाऊ नेताम, मानसाय मरकाम और केशकाल में राम सिंह मरावी, अमित मंडावी, देवेंद्र कुपाल के नेतृत्व में बैठकें हुईं। इसी क्रम में कल, 27 जून 2025 को फरसगांव में सुकूराम नेताम, महेंद्र पटेल, मिठू राम मांझी एवं महेंद्र कश्यप के नेतृत्व में बीआरसी भवन में बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की जाएगी। माकड़ी विकासखंड में शिक्षक साझा मंच की बैठक में रमेश प्रधान, जयलाल पोयाम, महेंद्र नेताम एवं अमिताभ मिश्रा के नेतृत्व में रणनीति तैयार की गई है। उक्त रणनीति के तहत कोंडागांव जिले के सभी संकुल केंद्रों के आधार पर संकुल समन्वयक एवं संकुल प्रभारी द्वारा संकुलवार शिक्षकों की उपस्थिति लेकर व्यापक ढंग से स्कूल में तालाबंदी करने और जो शिक्षक आंदोलन में शामिल नहीं होंगे, उन्हें चिह्नित कर उनके संदर्भ में अलग से रणनीति तैयार की जाएगी।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी के खिलाफ लगा विधिक साक्षरता शिविर




**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव द्वारा विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन 26 जून को किया गया।

यह विधिक साक्षरता शिविर जिला शासकीय औद्यानिकी, कोपाबेड़ा में संपन्न हुआ, जिसमें योजना 2025 के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस को मनाया गया। शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं सचिव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा एक नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। सचिव सुश्री गायत्री साय ने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। यह अपराधों में वृद्धि का कारण बनता है। हमें मिलकर समाज को नशामुक्त बनाना होगा। शिविर में उपस्थित लोगों को एनडीपीएस एक्ट तथा उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों, सजा, जुर्माना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही नशे से बचने के उपाय भी विस्तार से बताए गए।

# रांधना बड़बत्तर की जामपारा की जर्जर पुलिया दे रही हादसे को आमंत्रण

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़बत्तर में स्थित जामपारा पुलिया की जर्जर हालत अब जानलेवा बनती जा रही है। रोजाना सैकड़ों ग्रामीण व स्कूली बच्चे इस मार्ग से आवाजाही करते हैं, लेकिन पुलिया पर न कोई बैरिकेडिंग है, न ही कोई चेतावनी संकेतक।



स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में यह पुलिया पूरी तरह खतरनाक हो जाती है। पिछले एक साल से इसकी हालत खराब है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन आज तक संबंधित विभाग ने निरीक्षण तक नहीं किया। ऐसी स्थिति में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। यह मार्ग विश्रामपुरी–बड़बत्तर–केशकाल–माकड़ी को जोड़ता है। इस सड़क से कुल्दाडिही, पीढ़ापाल, तितरखंड, गम्हरी, पिटीसपाल, हरवेल, धामनपुरी, किबड़ा जैसे दर्जनों गांवों के लोग आवागमन करते हैं। शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में इस पुलिया से होकर दोपहिया से लेकर चौपहिया वाहन भारी संख्या में गुजरते हैं। क्षतिग्रस्त पुलिया से वाहन चालकों को हर समय जान जोखिम में डालनी पड़ती है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि अब सब्र का बांध टूट रहा है। यदि जल्द ही पुलिया की मरम्मत नहीं की गई तो वे जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि जामपारा पुलिया की मरम्मत को प्राथमिकता में लिया जाए और तत्काल प्रभाव से सुरक्षा इंतज़ाम किए जाएं ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे।

## दुकान संचालन के लिए आवेदन करने के लिए 15 जुलाई तक मौका

**कांकेर।** मुख्य नगरपालिका परिषद कांकेर अंतर्गत बरदेभाठा में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान को संचालित करने के लिए आबंटन किए जाने के लिए खाद्य अधिकारी द्वारा 15 जुलाई तक आवेदन करने का मौका दिया है। उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, महिला स्व-सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य पंजीकृत सहकारी समितियों जो शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित करने के इच्छुक हैं, वे संस्था या समूह निर्धारित प्रारूप में भरकर बैंक खाता, जमा राशि जानकारी की छायाप्रति, पंजीयन की छायाप्रति, संचालकर, मंडल या संस्था का दुकान संचालन संबंधी सहमति प्रस्ताव सहित कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा में जमा कर सकते है।

**पेज 3 के शेष**

### आयुष पॉलीक्लिनिक...

है, इसलिए 9 बजे ही पहुंचते है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु कॉंल रिसीव नहीं हुआ।

### कराकी के उप स्वास्थ्य...

ग्रामीणों ने उप स्वास्थ केन्द्र भवन नवीन नया स्वीकृति के लिए मांग शासन प्रशासन से किया है। जनपद सदस्य निर्मला कोवाची ने कहा कि उपस्वास्थ्य केंद्र की हालत बहुत दयनीय है, इसे लेकर आज तक किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई है। भवन की बनाने की माँग को लेकर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। पहल नहीं होने पर गाँव के लोग जिला मुख्यालय में भी आंदोलन कर सकते है। प्रशासन से हमारी माँग है कि इस समस्या के लिए यथोचित पहल करें, जिससे ग्रामीणों का लाभ मिल सके।

### लापरवाही बरतने...

अंतर्गत अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र की समीक्षा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है। जिले में चिन्हांकित 200 ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर जनता को जागरूक कर बैंकिंग सुविधाएं ग्राम पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराएं। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान अपूर्ण निर्माण को समय-सीमा में पूर्ण एवं सभी जनपद सीईओ को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने निर्देशित किया। इस अवसर जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी, शाखा प्रभारी, एसडीओ आरईएस, ब्लॉक कॉर्डिनेटर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ट्रक और ट्रैक्टर...

281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष से नाथियानवागांव निवासी 56 वर्षीय परमानंद नेताम पिता स्व. दाऊलाल नेताम ने पुलिस को बताया कि 26 जून को मेरा पड़ोसी रामचरण मंडावी मेरा ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 जी 1176 को मांगकर स्वंय का खेती कार्य करने के लिए जा रहा था। सुबह 7 राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में पेट्रोल पंप नाथियानवागांव के पास पहुंचा था कि पीछे की ओर से आ रही ट्रक क्रमाक सीजी 08 ए के 4758 का चालक अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे ट्रैक्टर रोड किनारे पलट गया। पलटने से चालक रामचरण मंडावी के सिर, दाहिने पै , सीना में चोट आया है। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 08 एके 4758 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### भगवान जगन्नाथ...

ने लिया। शीतलापारा से पंचमुखी मंदिर तक खड़े श्रद्धालुओं की इसकी जानकारी मिलने पर दर्शन के लिए खड़े श्रद्धालु दर्शन के लिए दौड़ पड़े। ऐसा पहली बार हुआ है कि रथ का पहिया खराब होने से भगवान जगन्नाथ आधा नगर भ्रमण कर वापिस मौसी के घर जाना पड़ा। राजापारा में रथयात्रा के शुभारंभ के अवसर पर विधायक आशाराम नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, जयंत अटभैया, संजू गोपाल साहू, मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारी के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सरगीकोट में शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोयलीबेडा

विकासखंड कोयलीबेड़ा के माशा सरगीकोट में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। अतिथियों ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हर बच्चा स्कूल जाए, यह संकल्प शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी शिक्षा नीति के तीन प्रमुख लक्ष्य होने चाहिए। छात्र-हित ज्ञान की प्रगति और राष्ट्र निर्माण, समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम एक शिक्षित और आत्मनिर्भर राज्य का निर्माण कर सकते हैं। प्रदेश में नवीन



शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में किया गया है एवं इस अभियान के दौरान शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में उपसरपंच नरेश देहारी, संकुल प्राचार्य कश्यप, ग्राम गायता लोकेश मंडावी, शनि मंडावी, उमेश उसेंडी, संकुल स्टॉप महेश देहारी, कृष्ण कुमार ठाकुर, रामभरोस नाग, नीलांबर यादव, मोहन नायक, पेमिन मंडावी, धनकु मंडावी, नरेश नेताम, अंसु पटेल, बृजलाल दुग्गा, जंगलु कोर्राम, रजऊ कोर्राम, प्रेम उसेंडी, दीनू उसेंडी, फरसू मंडावी, सगराम नेताम, रवीना मंडावी, मायावती मंडावी, सुबाय मंडावी, सरिता कोर्राम उपस्थित रहे।

## शाला प्रवेशोत्सव, प्रबंधन व विकास समिति का किया गया पुनर्गठन

**दुर्गूकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम हाटकोंदल के सेजेस शाउमावि हाटकोंदल, बालक एवं कन्या पूर्व माध्यमिक, कन्या आश्रमशाला एवं जनपद प्राथमिक शाला का सयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को गुलाल बंधन लगाकर एवं पाठ्य पुस्तक तथा गणवेश वितरण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य टेशवर लाल जैन ने कहा कि बच्चे शारिरिक एवं मानसिक विकास की आधार विद्यालय मैं होता है। बच्चों को शिक्षा के प्रति विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए एवं सरकार के द्वारा निःशुल्क पुस्तक गढ़वा से मध्यान भोजन एवं अन्य सुविधा प्रदान की जाती है। इस संबंध में फलों को भी विशेष रूप से



बच्चों के प्रति ध्यान देने की बात कही और नियमित स्कूल आकर पढ़ाई पर ज्यादा से ज्यादा फोकस करने की बात करें। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की बातें कही गई। इस अवसर पर हाटकोदल सरपंच हरिता मंडावी, ग्रामवासी युवराज पटेल, दरबूराम कोसमा, अहिल्या दर्रो, दरेन्द्र साहू, गिरधारी लाल कोसमा, जयंत्नी नुरूटी एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बच्चों को नरहरपुर थाने का कराया भ्रमण, बताई कार्यशैली

**कांकेर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश सिन्हा एवं डीएसपी अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में नरहरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश राठौर एवं थाना स्टाप द्वारा 27 जून को स्वामी आत्मानंद स्कूल नरहरपुर के बच्चों को थाना नरहरपुर का भ्रमण कराया गया। उन्हें थाना के दैनिक कार्य, दस्तावेज, रजिस्टर, मालखाना, स्टोर रूम, बंदीगृह के संबंध में जानकारी देते हुए दिखाया गया। साइबर क्राइम, ट्रैफिक नियम, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, प्राकृतिक आपदा के संबंध में जागरूक किया गया।

### धरती आबा योजनांतर्गत ग्राम कनेचुर में शिविर आयोजित



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम कनेचुर में शुक्रवार 27 जून को जिला पंचायत सदस्य हेमंत झरना ध्रुव की अध्यक्षता में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को कृषक हितैषी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिड कार्ड, प्रधानमंत्री सॉइल हेल्थ कार्ड योजना, लैम्पसों में उपलब्ध खाद बीज की जानकारी दी गई। शिविर के माध्यम से किसानों के बीच प्रचार-प्रसार कर बीज उत्पादन लेने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, कृषि विभाग, मत्स्य एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया में फर्जी पत्र को किया वायरल

**कांकेर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न पदों के लिए संविदा भर्ती के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन 27 जून से 2 जुलाई तक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया में वॉक-इन-इंटरव्यू के कथित रूप से स्थगित होने की फर्जी सूचना वायरल हो रही है। उन्होंने बताया कि वॉक-इन-इंटरव्यू के स्थगन की सूचना गलत एवं भ्रामक है। इंटरव्यू पूर्व-निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान अनुसार आयोजित होगा।

**समस्या : किसानों को खुले बाजार में खरीदना पड़ रहा, सरकार रोके कालाबाजारी**

# सहकारी समितियों में डीएपी खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



धान की फसल के लिए क्षेत्र के किसान परेशान है। आवश्यक डीएपी खाद क्षेत्र के आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में उपलब्ध नहीं है। इसके कारण किसानों को खुले बाजार से अधिक दामों पर खरीदना पड़ रहा है। वहीं बाजार में धड़ल्ले से नकली खाद बेची जा रही है, जिससे किसानों में भय का माहौल है, जिसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में को लेप्स कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शोपसिह आचला ने कहा कि जिस सरकार ने किसानों की कल्याण की बड़े-बड़े वादे किए थे। आज उसी सरकार ने बुनियादी चीज के लिए भटक रहे हैं। लेंपस में खाद नहीं होने के कारण बाजार से मनमाने दामों पर खरीदने पड़ रहा है और इस पर सरकार की चुप्पी संदेहास्पद हैं। सरकार की कृषि नीति पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। यह प्रशासन की लापरवाही और दलालों की मिली भगत का नतीजा है। कांग्रेस किसानों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी। किसान आंदोलन के ब्लॉक प्रभारी सुनील बबला पाढी ने कहा कि खाद समय पर नहीं मिलना इस बात का प्रमाण है कि सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है। किसान ठगे जा रहे है और खुले बाजार में नकली खाद बिक रही है एवं प्रशासन चुप है। किसानों के साथ अन्याय है, जिसे कांग्रेस कभी सहन नहीं करेगी। यदि किसानों को नकली खाद मिलेगी तो उनकी फसले बर्बाद हो जाएगी। किसान को उनके हक से वंचित किया जा रहा है। लेंपस में खाद नहीं है और बाजार में मुनाफाखोरी हो रही है। अब समय आ गया है किसानों की आवाज को मजबूती से उठाया जाए। जनपद अध्यक्ष गोपी बढाई ने कहा कि सरकार तत्काल डीएपी खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करें। खुले बाजार में हो रही काली बाजरी पर रोक लगाई जाए और नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। यदि सात दिवस की भीतर किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ आंदोलन करेगी। ब्लॉक के लेम्पसो में पर्याप्त धान बीज एवं रासायनिक खाद का भण्डार किए जाने के लिए कलेक्टर के नाम तहसीलदार दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंप कर तत्काल व्यवस्था करने की मांग की गई।

धरना प्रदर्शन में मुकेश कुमार चंद्राकर, पप्पू सोनी, बबू मरकाम, हेमलता उइके, धनसाय हुर्रा, राम गावड़े, नरेन्द्र जैन, महत्तम दुग्गा, सामदेव, सियाराम पोटाई, अनूप दीवान, सुखचंद प्रजापति, रजमन कोवाची, पुनाऊ, राहुल, लतीफ, हृदय बघेल, सुखचंद प्रजापति, रघु गोस्वामी, पुनाऊ राम पोटाई, राहुल, सियाराम पोटाई, जीतू कोरेटी एवं अन्य कार्यकर्ता ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

## सोसायटी में खाद बीज की मांग को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा



**अंतागढ़।** सोसायटी में खाद बीज की किल्लत और छै सूत्रीय मांगों को लेकर अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नया बस स्टैंड महात्मा गांधी मूर्ति के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया, जहां भारतीय जनता पार्टी कि सरकार को आड़े हाथ लेते हुए निशाना साधा और कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंतागढ़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापनमें किसानों के फसल उत्पादन के लिए खाद बीज उपलब्ध कराने एवं अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अंतागढ़ के छै मांगों में से क्षेत्र में सिचाई सुविधा का अभाव इस क्षेत्र के किसान मानसून पर आश्रित है। मुश्किल से फसल उत्पादन करते है और अभी खरीफ फसल की बीज बुवाई का समय आ गया है। सोसाइटीयों मे बीज खाद के अभाव के चलते बीज बुवाई कार्य प्रभावित हो रहा है एवं अविलंब बीज-खाद उपलब्ध कराई जाए। ब्लाक क्षेत्र के आधे से अधिक किसानों को विगत वर्ष का फसल बीमा राशि नहीं मिला है। फसल बीमा राशि दिया जाय। क्षेत्र में वर्ष 2025 सीजन का तेन्दुपता संग्राहण कर्ता श्रमिकों का साख कार्तन एवं संग्राहण राशि आज पर्यन्त नहीं मिला है एवं अविलंब नगद भुगतान किया जाय। छतीसगढ़ सरकार के द्वारा 21 जून 2025 को तेन्दुपता संग्राहणकर्ता श्रमिकों को चरण पादुका योजना के तहत जुता-चप्पल वितरण का उद्घघाटन किया गया है। इस क्षेत्र में जुता-चप्पल वितरण को बंद किया जाए एवं जुता-चप्पल क्रय राशि को नगद भुगतान किया जाए। विगत एक दो वर्ष से विकास खण्ड क्षेत्र के सैकडो सरकारी स्कुल भवनों की जर्जर स्थिति है। मराम्मत कार्य नही हो रहा है। वर्षा पानी में स्कुल भवनों के कमरो में पानी का रिसाव होता है। वर्षा के पूर्व जर्जर स्कुल भवनों का मरम्मत किया जाय। क्षेत्र मे प्रर्याप्त शिक्षक नही है प्राथमिक पाठशालाओं में कक्षावार शिक्षक एवं उत्तर विद्यालयों मे विषयवार शिक्षक पदस्थ किया जाय। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को भर्ती के लिए आमंत्रित किया जाय। इस धरना प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, अखिलेश चंदेल, दुर्गेश ठाकुर, राकेश गुप्ता, कांति नाग, विश्राम गावड़े, अरुणा नाग, पुष्पा ध्रुव, शांति रजक, चन्द्रजयौत रामटेके, बंटी गुप्ता, करण वर्मा, महेंद्र यादव और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खाद, बीज एवं कीटनाशक की समस्या की जाए हल

**दुर्गुकोंदल।** शिवसेना द्वारा प्रदेश में किसानों के खाद, बीज एवं कीटनाशक की समस्या को लेकर आंदोलन प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम में शिवसेना दुर्गुकोंदल द्वारा किसान सहकारी समिति के खाद विक्रय केंद्र दुर्गुकोंदल के समक्ष प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग किया गया कि प्रदेश के अंदर किसानों को उचित मात्रा में सहकारी समिति के माध्यम से खाद, बीज, कीटनाशक नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण किसान खुले बाजार से खाद, बीज एवं कीटनाशक खरीद कर शोषण का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद,बीज एवं कीटनाशक किसान सहकारी समिति के माध्यम से उचित मूल्य पर दिलाया जाए अन्यथा शिवसेना द्वारा किसानों को साथ लेकर प्रदेश में बृहद स्तर पर आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा।

# स्वतंत्र भारत के इतिहास में आपातकाल विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर



भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के तत्वाधान में आपातकाल व काला दिवस पर विचार संगोष्ठी परसोदा के साहू समाज भवन में आयोजित किया गया। विचार संगोष्ठी के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह ने कहा की 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 से छेड़छाड़ करते हुए आपातकाल की घोषणा कर दी।

विचार संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह ने कहा कि देश के हालात आंतरीक बाहरी खराब होते जा रहे थे, पड़ोसी देशो से संबंध खराब थे, वहीं उन दिनों देश मे पड़े अकाल, 1971 का भारत पाकिस्तान युद्ध पूर्वी पाकिस्तान आज बंगलादेश 1974 में चीन से युद्ध जिसमें भारत को हार का सामना, देश आर्थिक हालातों से जूझ रहा था। विपछी दल, जनसंघ, कांग्रेस विरोधीयों का बड़ा हिस्सा सड़कों पर था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया गया और प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। जयप्रकाश नारायण ने इसे भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि कहा था। मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने कहा कि 25 जून 1975 को थोपा गया आपातकाल इतिहास के पन्नों पर काले अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। भारत देश के संविधान से खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस आज संविधान बचाने की बात करती है। जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर ने कहा कि आपातकाल इस देश के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं है। सत्ता की लोलुपता में तात्कालिन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल घोषित कर संविधान पर जो कुठाराघात किया उसे यह देश कभी नहीं भूल पाएगा।

कार्यक्रम में जय शिवना, नरेंद्र शर्मा, शंकर यादव, रमेश दुग्गा, गोविंद साहू , थान सिंह साहू, ईश्वर यदु, कुलेश्वर नेताम, हेतराम साहू, भुवनेश्वर खड़हा, हेमलाल निषाद, दीनूराम साहू, धनंजय साहू, जयंतीलाल नेवरा, लोकेश्वर साहू, चेतन कैमरो, पार्वती साहू, रनिता बाई, भूवन बाई, सीमा साहू, हीर बाई, शारदा साहू, चंनद्रिका, सानिया, रेवती, सावित्री एवं सभी कार्यकर्ता व ग्रामवासी की उपस्थिति रही।

**बारिश के मौसम में दिक्कतों का करना पड़ता है सामना**

# एक साल से पुल टूटा, आने जाने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



विकासखंड के गुमडीडिही से छिंदटोला से आंधेवाड़ा जाने वाले मार्ग में पुल 1 साल से अधिक समय हो गया है टूटा पड़ा हुआ है। क्षेत्र के ग्रामिणों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां तक बच्चों को भी स्कूल आने जाने के लिए दिक्कतें होती है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल टूट जाने के कारण बारिश के दिनों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गुमडीडिही से छिंदटोला से आंधेवाडा जाने वाले मार्ग में पुल को टूटे 1 साल से अधिक समय हो गया है। राम इतवार, राम फुलेश्वर, मनाराम, प्रेमसिंह, भानुराम, राजुराम, मिथूराम, जेहराम, पिलेस राम व आदि ग्रामीणों ने बताया कि हाटबाजार आने जाने में राशन सामग्री लाने के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। छिंदटोला के ग्रामीणों के द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। लेकिन आज दिनांक तक किसी तरह का जनप्रतिनिधियों ने उसे मार्ग मे बने पुल को बनाने का सुध नहीं लिया। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे द्वारा सरपंच एवं सचिव को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक टूटा हुआ पुल नहीं बन पाया है। सरकार मूलभूत योजना सहित तमाम योजनाएं चलाती है, अगर सरपंच सचिव चाहते तो इसमें पाइप को डालकर मिट्टी पाटने से हम सब ग्रामवासी और आसपास के आनेजाने वालो को सुविधा होती, लेकिन जनप्रतिनिधि ही बनाना नहीं चाह रहे। बनाना नही चाहते है तो बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल और शिक्षक की व्यावस्था और हमारे खानेपीने राशन पानी की सामान की व्यवस्था जनप्रतिनिधि के द्वारा उपलब्ध कराया जाए, नहीं तो आनेवाले चुनाव में हम सब लोग चुनाव का बहिष्कार करने बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## भाजपा मंडल अंतागढ़ ने आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया



**अंतागढ़।** 25 जून को आपातकाल इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा मंडल अंतागढ़ द्वारा 26 जून को विधायक कार्यालय में संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर तिलक वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल एवं रामविलास गुप्ता ने कहा कि आज आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला दिवस 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में अत्यंत दु:खद और काले अध्याय के रूप में जाना जाता है। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल थोपा गया था। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत माता की लोकतांत्रिक आत्मा पर सीधा प्रहार था। इस दौरान संविधान को निलंबित कर दिया गया एवं नागरिकों के मौलिक अधिकार छीने गए, समाचार पत्रों पर सेंसरशिप थोप दी गई, लाखों निर्दोषों को जेल में डाला गया और सबसे अमानवीय कार्य जबरन नसबंदी को सरकारी लक्ष्य की तरह लागू किया गया। इसी ऐतिहासिक सच्चाई को जन-जन तक पहुँचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी अंतागढ़ मंडल द्वारा काला दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में महेन्द्र सिंह ठाकुर, महेश उइके, जितेन्द्र मरकाम, मनोरमा मंडाव, अमल सिंह नरवास, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, कल्पना जैन, नकुल सेठिया, यसोदा उसेंडी, दीप सिंह सोलंकी, यमुना पटेल, संतानू मानकर, अवधेश साहू, संजय ध्रुव, अशोक माली, राजेश साहू, शिवबच्चन सांडिल्य, भूपेश ठाकुर एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए प्राथमिक शाला सिवनी की बांस से बनाई बाउंड्रीवॉल



**दुर्गूकोंदल।** विकासखड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम प्राथमिक शाला आमापारा सिवनी में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बांस से बाउंड्रीवॉल बनायी। जिसमें गांव के हर घर से एक आदमी शामिल हुआ। ग्रामिकवासियों द्वारा बांस तथा खंबा की व्यवस्था की और बाउंड्रीवॉल बनाया है, क्योंकि यहां बाउंड्रीवॉल नहीं होने से सुअर, गाय, बैल, बकरी, भैंस, कुत्ता आदि जानवर घुस जाते थे, जिससे पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही थी और बच्चों को भी जानवरों से खतरा था।

आमापारा सिवनी के ग्रामीणों एवं शाला समिति के अध्यक्ष सुनीता मतलामी ने बताया कि कई वर्षों से स्कूल में बाउंड्रीवॉल की मांग ग्राम पंचायत सरपंच, विधायक, सांसद, जनदर्शन, ग्राम स्वराज, जन समस्या निवारण शिविर, सुशासन में करते आ रहे हैं, लेकिन शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। इसके चलते ग्रामीणों ने श्रमदान करके बाउंड्रीवॉल तैयार किया है। श्रमदान करने में रेखा लाल, विश्वकर्मा संरक्षक, सनऊराम मंडावी, मनकेर मतलामी, प्रभु राम मंडावी, नंदलाल उसेण्डी, अर्जुन कोमरा, आशीष कुमार, रवि मंडावी,सन्नूराम मतलामी, झुमुक लाल, लक्ष्मण उयका, फरसूराम, मनेसिंग मंडावी, बैजनाथ मंडावी, मनेश मंडावी, हेमचंद यादव, श्रवण मंडावी, मनीष कोमरा, अक्षय कुमार मंडावी, सरस्वती मंडावी, चैतीबाई मंडावी, रामीन मंडावी, मुंगारो बाई मंडावी, उषा उसेण्डी शामिल रहे।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 जुलाई, 14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
दिनांक 29 जून रविवार,
पता : राठौर मेडिकल स्टोर्स, होटल सुंदरम, मेन रोड, कांकेर
समय : सुबह 10 से 3 बजे
लकवा (स्ट्रोक) गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
● रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
● घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
● कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर